जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-9 | जयपुर, सोमवार, 6 मार्च, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सामूहिक विवाह योजना में बढ़ाया अनुदान

## अब नववधू को 21 हजार और संस्था को मिलेंगे 4 हजार रुपए

**सर्व जातीय विवाह सम्मेलन के आयोजन में मिलेगा 10 लाख रुपए का अनुदान**



**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य सरकार ने सामूहिक विवाह सम्मेलनों को प्रोत्साहन देने के लिए अनुदान राशि को बढ़ाया है। सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब प्रति जोड़ा 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसमें नववधू को 21 हजार रुपए और संस्था को 4 हजार रुपए का अनुदान मिलेगा। यह राशि 1 अप्रेल, 2023 से सम्पन्न विवाह सम्मेलनों को देय होगी। अभी यह राशि क्रमशः 15 हजार और 3 हजार रुपए अर्थात् कुल 18 हजार रुपए दी जा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सामूहिक विवाह जैसी सामाजिक गतिविधियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को रोकने और अनावश्यक व्यय को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसी कड़ी में बजट 2023-24 में अनुदान राशि बढ़ाने संबंधित घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री की ओर से वर्ष 2023-24 में सहायता राशि के रूप में 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे लगभग 4000 जोड़ों को सामूहिक विवाह अनुदान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

**सर्व जातीय सम्मेलन में 10 लाख रुपए की अतिरिक्त सहायता**

गहलोत ने सामूहिक विवाह आयोजन में विभिन्न समाज, जाति एवं धर्म के परिवारों के शामिल होने पर आयोजकों को 10 लाख रुपए की अतिरिक्त सहायता राशि देने पर सहमति दी है। 'अनेकता में एकता' की भावना को साकार कर कम से कम 25 जोड़ों के विवाह के आयोजन पर यह राशि मिलेगी। इसमें लगभग 20 संस्थाओं को 2 करोड़ रुपए की सहायता राशि दिए जाने का प्रावधान है।



## रुक्क्षमणी कुमारी को एआईसीसी सदस्य बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**जयपुर (हमारा वतन)।** कांग्रेस आलाकमान द्वारा रुक्क्षमणी कुमारी को AICC सदस्य बनाए जाने पर कुशलपुरा बांसा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत एव अभिनंदन किया गया । इस मौके पर विजयसिंहपुरा सरपंच रजनी मीणा, जन सेवक रामेश्वर बराला, उपसरपंच कैलाश जाट, पूर्व सरपंच लालाराम सेपट, जगदीश मीणा, शंकरलाल डागर ग्यारसी लाल शर्मा, नरसी डागर, गोपाल बराला, शंकर बराला, हनुमान, कैलाश चंद शर्मा, जगदीश सेपट, हनुमान शेरावत, जीतू मावलिया, जगदीश बराला आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बीसीसीआई द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलेगा चौमूं का लाल मेघराज

**चौमूं (हमारा वतन)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित विज्जी क्रिकेट ट्रॉफी में चौमूं तहसील के किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले क्रिकेटर मेघराज चौधरी का चयन हुआ है । इस प्रतियोगिता में देशभर के 4 जोन ईस्ट, वेस्ट, साउथ और नॉर्थ जोन की टीमें भाग लेंगी । टीमों में देशभर के विश्वविद्यालयों के चयनित खिलाड़ी शामिल होंगे । पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी में अध्यनरत मेघराज चौधरी अपनी टीम में ओपनर बैट्समैन के साथ कप्तान की भूमिका भी निभाएंगे ।



वेस्ट जोन का पहला उद्घाटन मैच 10 मार्च को नॉर्थ जोन से शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम रायपुर में होगा । चाचा सुरेश गोदारा ने बताया कि मेघराज ने अपने पिता हनुमान सहाय के संघर्ष रुपी जीवन से प्रेरणा लेकर आज यह मुकाम हासिल किया है । मेघराज पढ़ाई में भी शुरू से ही काफी होशियार था । दसवीं बोर्ड परीक्षा में जिला मेरिट में अपना स्थान पक्का किया था । स्नातक स्तर की पढ़ाई आर एल सहरिया कॉलेज कालाडेरा से की । साथ ही 2016 में छात्र-छात्राओं के हितों की लड़ाई लड़ते-लड़ते छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में भी जीत हासिल की। मेघराज की कप्तानी में वर्ष 2018-19 में कालाडेरा कॉलेज को राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से होने वाले टूर्नामेंट में विजेता का कप दिलाया था । अपने प्रदर्शन से मेघराज हमेशा चयनकर्ताओं की पहली पसंद रहे और तीन बार राजस्थान विश्वविद्यालय की तरफ से वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया । विज्जी क्रिकेट ट्रॉफी में चयन से मेघराज को बधाईयाँ देने का दौर चालू हो गया है ।

## अटल भूजल योजना के अंतर्गत हुए कार्यों का भूजल वैज्ञानिक सुनील शर्मा ने किया सत्यापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** अटल भूजल योजना के अंतर्गत 2 मार्च को जल सुरक्षा योजना में सम्मिलित डीएलआई 3 व 4 के वित्तीय वर्ष 2021-22 कार्यों के सत्यापन के लिए जयपुर जिले की पंचायत समिति गोविंदगढ़ की ग्राम पंचायत नांगल गोविंद, भूतेड़ा व घिनोई में भूजल विभाग से अधीक्षण भूजल वैज्ञानिक सुनील शर्मा द्वारा बेनेफिशरी किसान योजना के अंतर्गत लिए गए पाइपलाइन, ड्रिप आदि का सत्यापन किया गया । साथ ही अटल भूजल योजना के अंतर्गत वर्षा मापी यंत्र,पीजो मीटर का भौतिक सत्यापन किया । नोडल अधिकारी डॉ. मलेंद्र चौहान ने अटल भूजल योजना की जानकारी और हर ग्राम पंचायत की ग्राम सभा में जल सुरक्षा प्लान में अधिक से अधिक कार्य विभागो को जुड़वाने पर जोर दिया गया । इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से आईईसी एक्सपर्ट जितेंद्र शर्मा व डीआईपी के टीम लीडर ,एक्सपर्ट ,कम्युनिटी वर्कर ,सरपंच ,ग्राम रोजगार सहायक और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




सभी देश वासियों को रंगो के पर्व होली की हार्दिक बधाई और शुभकमनाएं



www.sanskarnews.page
संस्कार सृजन
शान हिन्दुस्तान की
www.hamarawatan.com
हमारा वतन
देश का अपना चैनल
★ संस्कार सृजन संस्था, चौमूँ, जयपुर
★ संस्कार सृजन, पाक्षिक समाचार पत्र
★ हमारा वतन, साप्ताहिक समाचार पत्र
News Paper, News Channel, News Portal
संपादक - राम गोपाल सैनी
मो.: 9214996258, 7014468512



लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर
कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर
क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !
सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया
24 घंटे इमरजेंसी सुविधा
निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !
संपर्क - 9636247286, 9928747286
फ्री परामर्श
सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# यूईएम जयपुर में आयोजित हुआ द जयपुर ग्रांड जॉब मेला 2023

**जयपुर (हमारा वतन)।** उदयपुरिया मोड चौमूं स्थित निजी विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यू.ई.एम), जयपुर में 2 मार्च को प्रातः 10 बजे विश्विद्यालय चौमूं , जयपुर कैंपस में द जयपुर ग्रांड जॉब मेला-2023 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ रेणु जयपाल, आईएएस-आयुक्त कौशल रोजगार उद्यमिता विभाग, अनुज सक्सेना- निदेशक सीएमएसडीसी,जगदीश निर्वान- निदेशक रोजगार विभाग, डॉ. अरुण अग्रवाल- क्षेत्रीय प्रत्यक्ष कर सलाहकार समिति सदस्य राजस्थान सरकार, राजस्थान सरकार- कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता विभाग की और से हरिराम बडगुजर- उप निदेशक, नवरेखा- उप निदेशक, विवेक भारद्वाज- सहायक निदेशक, सीमा मीना- डीईओ, यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर की और से वाईस चांसलर प्रो डॉ. बिस्वेजॉय चटर्जी, रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, डीन अनिरुद्ध मुख़र्जी, उप निदेशक परियोजना संदीप कुमार अग्रवाल आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। यूनिवर्सिटी उप निदेशक - प्रोजेक्ट संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया की द जयपुर ग्रांड जॉब मेला-2023 में राजस्थान व राजस्थान के बाहर से आयी हुई 41 कंपनियों ने सम्पूर्ण राजस्थान भर से आये हुए करीब 2423 बेरोजगार युवाओ में से लगभग 636 युवाओं को चयनित किया। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट द्वारा रोजगार मेले में आये हुए बेरोजगार युवाओ के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए लगभग 15 पृथक- पृथक काउंटर बनाये गए। रजिस्ट्रेशन के लिए फैकल्टी, स्टाफ व रोजगार डिपार्टमेंट के साथ - साथ यूनिवर्सिटी के





विद्यार्थिओं ने सहयोग किया। रोजगार मेले में बेरोजगार युवक प्रातः 09 बजे से ही आना शुरू हो गए थे।

यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो. डॉ. बिस्वेजॉय चटर्जी ने बताया की यह रोजगार मेला देश के सबसे बड़े प्लेसमेंट अवसरों में से एक है, जहाँ देशभर से आयी हुई शीर्ष कंपनियां एक ही छत के निचे फ्रेशर्स/बेरोजगार युवाओ को रोजगार के अवसर प्रदान कर रही है, साथ ही डॉ. चटर्जी ने कहा की यूनिवर्सिटी हर साल कैंपस में मेगा जॉब मेला का आयोजन करता रहता है। यहाँ प्रदेशभर के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जाते हैं

और यूनिवर्सिटी स्वयं के स्तर पर भी प्लेसमेंट के क्षेत्र में मुकाम हासिल कर चुकी है। यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट विभाग के उप निदेशक कॉर्पोरेट रिलेशन्स - अनीश विश्वनाथ ने बताया की रोजगार मेले में चयनित होने वाले बेरोजगार युवा इंजीनियरिंग , पॉलिटेक्निक ,आईटीआई , डिप्लोमा, स्नातक, आदि से संबंदित क्षेत्रों से थे। द जयपुर मेगा जॉब मेला-2023 में शामिल होने वाले विद्यार्थिओं की एंट्री निः शुल्क रखी गयी थी और इसमें किसी भी रूप में कोई शुल्क नहीं रखा गया। मेगा जॉब मेले में विभिन्न कंपनियों के अलावा मुख्य भूमिका में राजस्थान सरकार निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार उपखण्ड कार्यालय चौमूं द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्वीप टीम का गठन कर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिसका मुख्या उद्देश्य VHA के माध्यम से मतदाताओं हेतु सक्षम एप्लीकेशन, नवीन फॉर्म , साइन लेंग्वेज आदि के पोस्टर प्रदर्शित कर व समझाकर मतदाताओं को ऑनलाइन व ऑफलाइन नामांकन सम्बंधित प्रक्रियाओं का प्रचार - प्रसार किया गया। उक्त कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों को मोके पर ही मोबाइल एप्लीकेशन आदि का प्रदर्शन कर जागरूक किया गया। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग गोविंदगढ़ के ब्लॉक प्रोग्रामर रमेश चंद यादव द्वारा दिनांक 19 मार्च से 21 मार्च 2023 को जयपुर में होने वाले आई टी मेगा जॉब फेयर हेतु युवाओं का नामांकन किया गया।

रोजगार मेले में यूनिवर्सिटी की और से प्लेसमेंट विभाग के अनीश विश्वनाथ, सचिन पांडेय, शंकर सिंह, राजा सरकार, अनुज कुमार, नेहा कुमारी के साथ सभी विभागों के प्रमुख भी शामिल हुए।

# राजस्थान की गायत्री देवी यादव को राष्ट्रपति मुर्मू ने किया सम्मानित



**नई दिल्ली (हमारा वतन) ।** नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राजस्थान में जल महिला की भूमिका निभा रही स्वयंसेवी गायत्री देवी यादव को जल योद्धा श्रेणी में सम्मानित किया। गायत्री देवी को यह पुरस्कार राजस्थान जयपुर के सांभर ब्लॉक इलाके में फार्म पॉन्ड बनाने के लिए ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया है। गायत्री देवी यादव ने पिछले कई वर्षों से जयपुर की ग्राम चेतना केंद्र संस्था के साथ मिलकर सांभर ब्लाक के करीब 68 गांव में 65 महिला स्वयं सहायता समूह बनाकर वर्षा जल संचयन और संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य किए तथा ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को जल साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सम्मान समारोह के बाद ग्राम चेतना केंद्र संस्था के सदस्य बंसी लाल मीणा ने बताया कि गायत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वर्षा जल के संचयन और स्वच्छ जल प्रबंधन के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मदद करने का काम किया। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में फार्म पॉन्ड (तलाई) के माध्यम से वर्षा जल को एकत्रित करके उसको पीने और खेती में उपयोग करने लायक बनाने तथा बेहतर जल प्रबंधन करने के लिए ग्रामीणों को प्रशिक्षित किया। गायत्री देवी द्वारा ग्रामीण महिलाओं को शुद्ध पीने के पानी तथा और संचित वर्षाजल से दूसरी फसल लेने के लिए प्रशिक्षित करने के महत्वपूर्ण कामों से ग्रामीण इलाकों में परिवारों का पलायन रूका तथा उनकी आमदनी वृद्धि हुई, इससे ग्रामीण महिलाओं को सम्मान पूर्ण जीवन जीने का मौका मिला।

# इग्नू का 36 वाँ दीक्षांत समारोह आगामी 3 अप्रैल 2023 को

**जयपुर (हमारा वतन)।** इंदिरा गांधी राष्टीय मुक्त विश्वविद्यालय के 36 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 3 अप्रैल, 2023 को मुख्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय केन्द्रों पर होने जा रहा है। इग्नू के 36 वें दीक्षांत समारोह में मुख्यालय नई दिल्ली में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। डॉ. ममता भाटिया, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र जयपुर ने बताया कि जो विद्यार्थी सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2021 एवं जून 2022 में अपना कार्यक्रम पूर्ण कर चुके है वें 36 वें दीक्षांत समारोह के लिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं। 36 वें दीक्षांत समारोह में पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मार्च, 2023 रखी गयी है। विद्यार्थियों को यह सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि का इंतजार ना करके दीक्षांत समारोह में अपना पंजीकरण शीघ्र करावें। इग्नू ने जनवरी सत्र 2023 की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इग्नू कार्यक्रमों में नये प्रवेश तथा पुनः प्रवेश की अंतिम तिथि पहले 28 फरवरी, 2023 थी जिसे बढ़ाकर 10 मार्च, 2023 कर दिया गया है। अंतिम तिथि आगे बढ़ने से राजस्थान की समस्त बालिकाओं के लिए राजस्थान सरकार द्वारा चलायी जा रही बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना का लाभ उठाने का एक और सुनहरा अवसर है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को भी इग्नू के कार्यक्रमों में निःशुल्क प्रवेश लेकर इसका फायदाउ ठाने से नहीं चूकना चाहिए। विद्यार्थियों को इग्नू के कार्यक्रमों में प्रवेश लेने तथा समस्त जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ignou.ac.in पर जाना होगा।



# वार्ड पंच विकास कुमार मीणा ने पिताजी की स्मृति मं विद्यालय को स्पीच स्टेण्ड किया भेंट

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय निवाणा में भामाशाह विकास कुमार मीणा वार्ड पंच ने अपने पिताजी स्व. बाबूलाल मीणा की पुण्य स्मृति में विद्यालय को एक स्पीच स्टेण्ड (पोडियम) सप्रेम भेंट किया।

इस दौरान प्रधानाध्यापक बजरंग लाल कुमावत ने भामाशाह को माला व साफा पहनाकर स्वागत कर हार्दिक आभार व्यक्त किया।भामाशाह विकास कुमार मीणा ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है इसमे सभी की भागीदारी से ही विकास कार्य परिलक्षित होते है। इस अवसर पर शशिलता शर्मा, अनिता धानका, दीप्ती यादव, सरोज, निर्मला मीणा आदि उपस्तिथ रहे।

## निर्माण कार्यो को क्वालिटीपूर्ण तरीके से समय पर पूरा करें: कलेक्टर

जोधपुर(वि.सं.)।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की संकल्पनाओं के अनुरूप सूर्य नगरी का विकास का अनवरत जारी है। गुरुवार को जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में शहर में प्रगतिरत विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में गुप्ता ने पावटा आधुनिक बस स्टैंड निर्माण, मंडोर अस्पताल ,जिला अस्पताल प्रताप नगर, आंगनवा कृषि उपज मंडी, मंडोर गार्डन, क्षेत्रीय कैंसर संस्थान, नवीन डेंटल कॉलेज, गौशाला मैदान विकास कार्य, बाईजी का तालाब, कायलाना से केरू की तरफ सड़क की अतिरिक्त लेनिंग का कार्य, टाउन हॉल जीर्णोद्धार, घोड़ा घाटी से होते हुए बालसमंद तक सड़क निर्माण, आरटीओ आरओबी का निर्माण एवं अनेक प्रगतिरत विकास कार्यों की समीक्षा की।

# भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने जनकल्याण के लिए कराया नवचंडी अनुष्ठान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र चौमूं कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य के सानिध्य में जनकल्याण के लिए नवचंडी हवन का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद शर्मा और तारा देवी द्वारा यज्ञाचार्य पंडित विकास शर्मा के नेतृत्व में 13 विद्वान पंडितों के द्वारा विधि विधान से हवन कराया और सभी प्रदेशवासियों के लिए माता रानी से सुख समृद्धि की प्रार्थना की। यज्ञाचार्य पंडित विकास शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम गणेश जी की पूजा, नवग्रह की पूजा, दुर्गा पाठ और हवन करके जन कल्याण के लिए वैदिक मंत्रों से पूजा करवाई। सभी विद्वानों को राम दुपट्टा और श्याम कलम देकर सम्मानित किया। साथ में ज्योतिषाचार्य पंडित योगेश शर्मा ने सभी विद्वानों को भोजन करवाकर दक्षिणा प्रदान कर कहा कि देश में बीमारी और आर्थिक नुकसान से बचने के लिए अनुष्ठान करवाया। अपने लिए तो सभी करते हैं लेकिन जो दूसरों के लिए करता है उसका अलग ही आनंद मिलता है। इस दौरान आचार्य पंडित मोहन लाल शर्मा ,पंडित हितेंद्र व्यास ,ऋषि जोशी, पंडित उमेश शर्मा, पंडित जयप्रकाश शर्मा, पंडित कमल भातरा ,पंडित राजेंद्र भातरा, पंडित अजय तिवाड़ी, पंडित अमित शर्मा, पंडित युगल किशोर, पंडित धर्मेंद्र शर्मा, पंडित रामवतार शर्मा ,पंडित राजेंद्र शर्मा, पंडित राहुल दाधीच आदि विद्वान उपस्थित रहे।




## जॉब्स

1. जिप्मेर, पद जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर व अन्य, पद संख्या 80, अंतिम तिथि 28 मार्च 2023
2. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद ईओ,एओ, एपीएफओ, अंतिम तिथि 17 मार्च 2023
3. बैंक ऑफ बड़ौदा, पद एओ, पद संख्या 500, अंतिम तिथि 14 मार्च 2023
4. इंडियन एयरफोर्स, पद वायु अग्निवीर, पद संख्या घोषित नहीं, अंतिम तिथि 31 मार्च 2023
5. हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद टीजीटी, पद संख्या 7471, अंतिम तिथि 15 मार्च 2023
6. जेएनयू दिल्ली, पद जूनियर असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर, एमटीएस व अन्य, पद संख्या 388, अंतिम तिथि 10 मार्च 2023
7. यंत्र इंडिया लिमिटेड ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 5395, अंतिम तिथि 28 मार्च 2023
8. असम राइफल्स टेक्निकल एंड ट्रेड मैन, पद क्लर्क व रेडियो ऑपरेटर व अन्य, पद संख्या 617, अंतिम तिथि 19 मार्च 2023




# उर्फी जावेद ने अपनी ड्रेस का नाम दिया 'शीला की जवानी', यूजर ने कहा- हाथ तो खुला छोड़ देती

***इंटरनेट सेंसेशन उर्फी जावेद को एक बार फिर से पपराजी के सामने आईं। इस दौरान उर्फी ने पपराजी से बात की। उन्होंने लॉकअप सीजन 2 में हिस्सा लेने को लेकर भी जवाब दिया।*** उर्फी जावेद को 'बिग बॉस ओटीटी' ने बड़ी पहचान दिलाई। शो में वह एक हफ्ते रहीं लेकिन उसके बाद रातों रात इंटरनेट सनसनी बन गईं। उनके अतरंगी कपड़ों के लिए यूजर्स से लेकर सेलेब्स तक ने उन्हें ट्रोल किया है लेकिन अपने इसी फैशन सेंस से वह नाम भी कमा रही हैं। बीते दिनों उन्होंने मशहूर फैशन डिजाइनर अबु जानी और संदीप घोसला के आउटफिट में फोटोशूट कराया। इसके अलावा एक इंटरनेशल मैगजीन के कवर पर भी उर्फी दिखीं। उर्फी को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चाएं चल रही हैं कि वह कंगना रनौत के शो 'लॉकअप' सीजन 2 में हिस्सा ले सकती हैं। सोमवार को उर्फी ने इस पर जवाब दिया।



**कैसा लगा उर्फी का नया लुक**-उर्फी ने ग्रीन क्राप टॉप और स्कर्ट पहना हुआ था। उनके टॉप में आस्तीन नहीं थी और इस वजह से वह हाथों को बहुत फैला नहीं सकती थीं। अब उर्फी हैं तो उनकी ड्रेस में कुछ ना कुछ तो अलग होना ही है। ग्रीन आउटफिट को उन्होंने पर्पल सैंडल से मैच किया। उर्फी ने अपनी इस ड्रेस को शीला की जवानी नाम दिया।

**क्या बोले यूजर्स**-उर्फी के इस नए लुक पर यूजर्स फिर से उन्हें ट्रोल करने लगे। एक यूजर ने कहा, 'इसको कोई बताओ नीचे और ऊपर के लिए अलग-अलग कपड़े होते हैं। ये सब उल्टा पुल्टा पहनते फिरती रहती है।' एक यूजर ने कमेंट में लिखा, 'कुछ भी मिलता है बस पहन के निकलो।' एक ने कहा, 'इस कपड़े में ये खुजली कैसे करेगी। हाथ तो निकाल लेती।'

**पपराजी के सवाल पर उर्फी का जवाब**-'लॉकअप' में हिस्सा लेने के बारे में उर्फी ने कहा, 'मुझे अप्रोच भी नहीं किया गया है। तुम लोग चाहते हो ना कि मैं जेल चली जाऊं। पर लॉकअप तो बिल्कुल नहीं है। मुझे करना ही नहीं है। मैं तुम लोगों के लिए नहीं जाना चाहती। 2-3 महीने तुम लोग मेरे बिना क्या करोगे।

# पूनम पांडे ने पहनी डीप नेक ब्रालेट,यूजर्स बोले- उर्फी को यूं ही बदनाम कर रखा




लॉकअप की कंटेस्टेंट रह चुकीं पूनम पांडे शो तो नहीं जीत पाई थीं लेकिन उन्हें सुर्खियां खूब मिलीं। लॉकअप में पूनम ने अपनी बोल्ड अदाओं से सभी को घायल कर दिया। मंगलवार को उन्हें पपरजी ने अपने कैमरे में कैद किया जहां उन्होंने अपनी तस्वीरें क्लिक कराईं। पूनम एक पपराजी से कहती हैं वह उनके साथ कॉफी डेट पर जाने के लिए तैयार हैं। वो आगे कहती हैं कि उन्हें फोन कर लें। ग्लैमरस लुक में दिखीं पूनम को देखकर कई यूजर्स ने उर्फी से तुलना शुरू कर दी।

**पपराजी को दिया पोज**- पूनम ने व्हाइट ब्रालेट के ऊपर बेज कलर का जैकेट और मैचिंग कलर का पैंट पहना है। वह अपनी गाड़ी से उतरकर एक कॉफी शॉप पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वो अपनी मां से मिलने जा रही हैं लेकिन उससे पहले वो ड्रेस चेंज करेंगी वरना उनकी मां व्हाट्सएप पर ब्लॉक कर देंगी। पूनम फ्लाइंग किस करते हुए कैमरे के सामने पोज देती हैं। वो कहती हैं मैं और मेरे ड्रामे।

**यूजर्स ने उर्फी से की तुलना**- वीडियो पर पूनम को ट्रोल करने वालों की कमी नहीं है। एक यूजर ने लिखा, उर्फी तो बेकार में ही बदनाम है। एक यूजर ने कमेंट किया, आ गई उर्फी की बहन। एक ने कहा, एक्सेंट ऐसे मार रही है जैसे यूएस रिटर्न है।

# भारतीय दुल्हन की तरह तैयार होने वाली पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने मांगी माफी, बोलीं- मैंने कमेंट्स पढ़े...

आपको पाकिस्तानी एक्ट्रेस उशना शाह याद हैं? हां, वही जिन्होंने अपनी शादी में रेड कलर का ब्राइडल लहंगा पहना था। अब एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का फैसला लिया है। दरअसल, जब से एक्ट्रेस की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई हैं तब से उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। पाकिस्तानी यूजर्स का कहना है कि पाकिस्तानी होने के बावजूद एक्ट्रेस एक भारतीय दुल्हन की तरह तैयार हुई हैं। उशना शाह ने पोस्ट शेयर कर ट्रोल्स को समझाने की भी कोशिश की, कि उनका यह जोड़ा पाकिस्तानी है। लेकिन, यूजर्स नहीं मानें, उन्होंने एक्ट्रेस को ट्रोल करना जारी रखा। वहीं, अब अभिनेत्री ने ट्रोल्स को करारा जवाब देते हुए सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का फैसला लिया है।



**मैंने बहुत कोशिश की...- उशना/** अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पोस्ट शेयर कर लिखा, मुझे बेरहमी से ट्रोल किया जा रहा है। मैंने अपनी शादी को प्राइवेट रखने की बहुत कोशिश की। फोटोग्राफर्स की टीम को हायर किया। उनसे एनडीए फॉर्म साइन करवाए। टाइट सिक्योरिटी रखी। कुछ ही लोगों को शादी में इनवाइट किया। क्योंकि मैं चाहती थी कि मैं केवल उन्हीं पलों को सबके साथ साझा करूं जिसमें मैं कम्फर्टेबल हूं। इसके बावजूद, मेरी तस्वीरें लीक हो गईं।

**अपनी संस्कृति को**...उशना ने आगे लिखा, मैंने कमेंट्स पढ़ें, वे रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। विश्वास करें, मैंने अपनी संस्कृति को ठेस पहुंचाने के लिए शादी नहीं की। मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। अगर लोगों को लगता है कि मैंने ऐसा किया है तो मैं उनसे माफी मांगती हूं। मैं अपने मेंटल हेल्थ की खातिर कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूरी बना रही हूं। ताकि मैं अपने पति और अपने नए परिवार के साथ कुछ समय बिता सकूं। प्यार और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद।



# HOLI
# हानिकारक रंगों से त्वचा बालों को ऐसे बचाएं

होली हम सभी के लिए खुशियां, मस्ती, रोमांच और उत्साह लेकर आती है, लेकिन रंगों के इस त्योहार में रंग खेलने का जितना उमंग होता है, उससे कहीं ज्यादा रंग छुड़ाने का टेंशन रहता है।

**रंगों में होता है हानिकारक रसायन**

दरअसल, बुरा न मानो होली है कहकर रंग फेंकने वाले अल्हड़ युवक-युवतियों की टोलियां अपनी पिचकारी व गुब्बारों में जो रंग इस्तेमाल करते हैं या रंजक व गुलाल का प्रयोग करते हैं, उनमें अभ्रक, शीशा जैसे हानिकारक रसायनिक पदार्थ मिले होते हैं। इनसे त्वचा रुखी और बेजान हो जाती है, बाल झड़ने लगते हैं और त्वचा में जलन शुरू हो जाती है।लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। आप दिल खोलकर होली खेल सकते हैं और रंगों के हानिकारक प्रभावों से बच सकते हैं। यही नहीं, रंग छुड़ाने का टेंशन भी नहीं रहेगी बस इसके लिए आपको बस थोड़े से उपाय करने होंगे। आमतौर पर लोग खुले में रंग खेलते हैं, जिससे सूर्य की गर्मी से भी त्वचा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। खुले आसमान में हानिकाक पराबैंगनी किरणों के साथ-साथ नमी की कमी से त्वचा के रंग में कालापन आ जाता है। होली खेलने के बाद त्वचा निजीर्व बन जाती है।इससे बचने के लिए होली खेलने से 20 मिनट पहले त्वचा पर 20 एस.पी.एफ. सनस्क्रीन का लेप कीजिए। यदि आपकी त्वचा पर फोड़े, फुन्सियां आदि है तो 20 एसपीएफ से ज्यादा सनस्क्रीन का उपयोग करना चाहिए। ज्यादातर सनस्क्रीन में माइस्चराईजर ही विद्यमान होता है। यदि आपकी त्वचा अत्यधिक शुष्क हैं तो सनस्क्रीन लगाने के बाद थोड़ा इंतजार करें और फिर त्वचा पर मॉइस्चराइजर का लेप करें। बाहों व शरीर के सभी खुले अंगों पर मॉइस्चराइजर लोशन या क्रीम का उपयोग करें।

**होली खेलने से पहले करें ये उपाय**

होली खेलने से पहले सिर में बालों पर हेयर सीरम या कंडीशनर का उपयोग करें। इससे बालों को गुलाल के रंगों की वजह से पहुंचने वाले सूखेपन से सुरक्षा मिलेगी तथा सूर्य की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाव मिलेगा।



# इस होली बिखरेंगे खुशियों के रंग

होली की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रंगों के इस त्योहार की तैयारियों को लेकर वास्तु में कुछ उपाय बताए गए हैं। इन उपायों को अपने घर या प्रतिष्ठान में जरूर अपनाएं। इनको अपनाने से जीवन में खुशियों के नए रंग बिखरेंगे। आइए जानते हैं होली पर किए जाने वाले इन उपायों के बारे में। फाल्गुन मास में पूर्णिमा के दिन होलिका दहन किया जाता है और चैत्र मास की प्रतिपदा को होली का त्योहार मनाया जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार होली पर अपने घर या प्रतिष्ठान की साज सज्जा में दीवारों पर काले रंग का इस्तेमाल न करें। अपने घर के बेडरूम में श्रीराधा-कृष्ण की फोटो लगाएं। गुलाल और फूल अर्पित करें। ऐसा करने से जीवन में सुख समृद्धि का आगमन होता है। होली की तैयारियों में अपने घर के मुख्य द्वार पर ऊपर की ओर सूर्यदेव का चित्र लगाएं। होली के दिन घर में तुलसी या मनी प्लांट का पौधा अवश्य लगाएं। अगर घर के ऊपर लगा ध्वज पुराना हो गया है तो होली पर इसे बदलना उत्तम रहता है। त्योहार की तैयारियों में अपने घर के मुख्य दरवाजे पर भगवान श्रीगणेश की मूर्ति लगाएं। घर में श्रीयंत्र लगाएं और इसे घर या दुकान की तिजोरी में स्थापित करें। होली वाले दिन घर में मोती शंख लाना शुभ माना जाता है। त्योहार के आगमन से पहले अपने घर या प्रतिष्ठान के मुख्य द्वार पर लाल, हरे, गुलाबी और पीले रंग से रंगोली बनाएं। इससे परिवार में खुशहाली का आगमन होगा। होली का स्वागत अपने घर में पौधे लगाकर करें। होली के अवसर पर नारंगी, पीले, गुलाबी या हरे रंगों और गुलाल का प्रयोग करें, यह रंग सकारात्मकता के प्रतीक माने जाते हैं।



# विधायक रामलाल शर्मा ने बेरोज़गारी भत्ते को लेकर विधानसभा में उठाया सवाल

**जयपुर (हमारा वतन)।** विधानसभा सत्र के दोरान विधायक रामलाल शर्मा ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से बेरोज़गार युवाओं को मिलने वाले भत्ते को लेकर सवाल किया। उन्होंने पूछा कि जयपुर ज़िले में वर्ष 2020 से 2022 में कितने युवाओं को बेरोज़गारी भत्ता दिया गया और जयपुर ज़िले में बेरोज़गारी भत्ते हेतु आवेदन करने वालो की संख्या अधिक है एवं भत्ता मिलने वालो की संख्या कम है। यदि हाँ तो कितने आवेदन आये और कितनो का निस्तारण किया गया। इस पर उद्यमिता एवं नियोजन मंत्री अशोक चांदना ने जवाब देते हुए कहा कि उक्त योजना अंतर्गत 31675 आशाथियों को बेरोज़गारी भत्ता प्रदान किया गया। जिसने चौमूँ विधानसभा में 6027 को लाभ दिया गया। उन्होंने जयपुर ज़िले में आवेदन करने वाले आशाथियों कीसंख्या 110271 और लाभ प्राप्त करने वालो की संख्या 57746 बताई। इस पर विधायक रामलाल शर्मा ने बेरोज़गारी भत्ते में चार घंटे राजकीय कार्यालयों में सेवाये देने का बेरिकेट्स लगाने का काम किया है और एक वर्ष में सिर्फ़ 2 लाख बेरोज़गारो को भत्ता देने का प्रावधान किया है जो अनुचित है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में सभी बेरोज़गारों को भत्ता देने का वादा किया था लेकिन सरकार में पिछले चार सालो से युवाओं के साथ छल करने का काम किया है।

# बुरा ना मानो होली है

बाजे चंग,बाजे ढोल मंजीरे
चहुँ ओर है रंग बिखेरे
कहीं गुलाल लाल करे
कहीं अबीर रंगीन करे
बुरा न मानो होली है

नाचो गाओ धूम मचाओ
और होली का त्योहार मनाओ
एक-दूजे को प्यार
के रंग लगाओ
द्वेष-ईर्ष्या को दूर भगाओ
बुरा न मानो होली है

हिंदू मुस्लिम सब भाई है
ना कोई गोरा ना कोई काला है
यहाँ सिर्फ भाईचारा है
सब रंगों से लाल-पीले हैं
बुरा ना मानो होली है

पिचकारी के रंगों की बौछार है
फागुनी बयार है
मौसम में बहार है
मस्तानों की टोली है
बुरा ना मानो होली है



डॉ. योगिता जोशी
जयपुर

# गुजरगाह (कविता)

गुजरगाह जिंदगी थी
गुजरती चली गयी
साँसें भी अपने वादों से
मुकरती चली गयी

न जाने क्या हुआ के
जेहन में तड़प है
वर्षों पुरानी चोट
फिर उभरती चली गयी

हकीकत से रूबरू
ज़ब भरोसेमंद के हुए
फिर पाँव के नीचे से
धरती चली गयी

भावनाएँ तो भाव से तब
ओत - प्रोत थीं
दुनियादारी देख लीं तो
मरती चली गयी

था सीखा भरोसा करना
बड़ी मुद्दतों के बाद
फिर भरोसे की आदतें
मुझे कुरेदती चली गयी

मेरे होने को तवज्जो
जिसने नहीं दिया
इक दिन ये इल्म होगा के
अशरफ़ी चली गयी



-सिद्धार्थ गोरखपुरी

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# रंग जिनसे कोई मुक्ति नहीं चाहता

भारत के सभी त्योहारों में होली का अलग महात्म्य है। बसंत पंचमी, यानी माघ की शुक्ल पंचमी से ही बसंत का आगमन माना जाता है, जो उल्लास, आशा और प्रेम का संचार कर जाता है। कठिन श्रम से निखरी रबी की फसल जब खेत में पककर तैयार हो जाती है, आमों में बौर आ जाते हैं, मादक बयार बहने लगती है, कोयल कूकने लगती है, ऐसे में कंठ से स्वर लहरियां स्वत: फूटने लगती हैं। धमार, डेढ़ ताल, चौताल, फाग, उलारा, चौता की अनुगूंज उत्सव का माहौल रच देती है। बसंत पंचमी से ही गांव-गांव में फाग या फगुआ की तान सुनाई देने लगती है। लोग एक स्थान पर एकत्रित होकर ढोलक, मृदंग, करताल, झांझ बजाते हुए फाग व होरी गाते हैं। कभी किसी पेड़ के नीचे, कभी खेत के किनारे, तो कभी किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के द्वार के सामने, अवध नगरिया छाई रे बहरिया/ भल रंग खेलैं, होरी चारों भइया/ केसर भरी कंचन पिचकारी हांथन राम के सोहे/ रंग रंगीली होली खेलैं सब के हृदय बसैया इस दौरान हमारे आराध्य कभी फाग के गीतों में रंग उड़ाते, कभी ढोलक बजाते, तो कभी नृत्य करते दिखाई देते हैं। पूरे उत्तर भारत में गाया जाने वाला उलारा होली खेलें रघुबीरा हो या आज बिरज में होली मोरे रसिया इन गीतों को गाते हुए जन-साधारण को अपने इष्ट राम और कृष्ण बहुत अपने से लगने लगते हैं। ढोलक बजाते राम और मंजीरा बजाते लक्ष्मण, मानो अपने में से कोई एक हो, अयोध्या के राजा राम नहीं। राधा को रंगने की योजना बनाते श्रीकृष्ण उनको अपने अंतर्मन में ऐसे बसाते हैं, जैसे कान्हा घर का ही कोई तरुण हो, गीता का ज्ञान देने वाला योगेश्वर नहीं। राम और कृष्ण, दोनों ही भारतीय लोक के हृदय में विराजमान हैं। वे इष्ट भी हैं और लोक नायक भी। अत: पर्व-उत्सव उनके बिना अधूरे ही हैं। अवध में यदि राम और सिया फाग खेलते हैं, तो बृज में राधा और कृष्ण। बिरज में होली कैसे खेलूं रे सांवरिया के संग/ अबीर उड़ते, गुलाल उड़ते उड़ते सातों रंग/ भर पिचकारी सन्मुख मारी सखियां हो गईं तंग/ तबला बाजै सारंगी बाजै और बाजै मृदंग/ कान्हा जी की बंसी बाजै राधा जी के संग यहां तक कि महादेव भी फाग खेलते दिखते हैं। कभी गौरा जी के साथ, तो कभी श्मशान में भस्म लपेटे, नर मुंडों से खेलते हुए, जीवन के शाश्वत सत्य का परिचय कराते हुए- आजु सदाशिव खेलत होरी/ जटा जूट में चंद्र विराजे, अंग भभूत रमोरी/ लेइ गुलाल संभु पर डारत, रंग में तन मन बोरी/ भइल लाल सब देह संभु के, गण सब करत ठिठोरी। होली ही एकमात्र पर्व है, जिसमें आज भी ग्राम गीतों की टेर सुनाई देती है। नगर, महानगर और बहुखंडी अट्टालिका में रहने वाले शहरी जीवन शैली में ढले लोगों को आज भी होली के पारंपरिक गीत उसी कालखंड में ले जाते हैं, जहां पनघट पर जाती नायिकाओं को रंगने की योजना बनाते किशोर छिपे खड़े हैं।


राम गोपाल सैनी

# जयपुर कल्चरल सोसायटी के यादों के कारवां कार्यक्रम के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर कल्चरल सोसायटी एक बार फिर संगीत संध्या आयोजित करने जा रही है । यह कार्यक्रम सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय आनंद गंगवार की याद में किया जा रहा है । आगामी 11 मार्च 2023 को गुलाबी नगर स्थित पिंकसिटी प्रेस क्लब में शाम 6 बजे से यादों का कारवां एहसास 4 आयोजित किया जाएगा जिसके पोस्टर का विमोचन नृत्य गुरु और वरिष्ठ अभिनेत्री उषा श्री के कर कमलों से हुआ। जयपुर कल्चरल सोसाइटी की प्रेसिडेंट कंचन आनंद ने बताया कि इस प्रोग्राम में चीफ गेस्ट एनएस मेहता, स्पेशल गेस्ट नृत्य गुरु और वरिष्ठ अभिनेत्री उषा श्री, वासुदेव मोटवानी और समाजसेवी बसंत जैन रहेंगे । संगीत से सजी इस शाम को जयपुर कल्चरल सोसायटी के सिंगर्स अपनी मधुर आवाज़ से सजाएँगे । संस्था के सेक्रेटरी और म्यूजिक डायरेक्टर मुकेश पारीक और प्रोग्राम अरेंजर संजय चंदनानी ने बताया कि 31 सिंगर इसमें अपनी परफॉर्मेंस देंगे, जिनमें कैलाश सोलंकी, वासुदेव मोटवानी, मुकेश पारीक, संजय चंदनानी, डॉक्टर महेश बागड़ी, अजय कल्ला, शेखर श्रीवास्तव ,जी एल पारीक, सुधीर शर्मा, राजीव पारीक, एसडी माथुर, पुष्पेंद्र शर्मा, डॉक्टर अशोक शर्मा, डॉक्टर हनुमान सोनी, विकास रावत, नीलू रावत, प्रीति जी पुरोहित, सीमा मुंजाल, पूनम जैन, उर्मिला नियति, सुरेखा मित्तल, सुरभि सोनी, संध्या सक्सेना, देव भार्गव, राजबाला सिंह, शुभा शर्मा, शेल गर्ग,सीमा शाह, निशांत तिवारी और कंचन आनंद । जानकारी के लिए आपको बता दें कि 11 मार्च 2021 को दिल का दौरा पड़ने से आनंद गंगवार का आकस्मिक निधन हो गया था । उनकी याद सभी के दिलों में हमेशा रहेगी। आनंद गंगवार की पत्नी ने उनके जाने के बाद जयपुर कल्चर सोसायटी का कार्यभार संभाला और 2021 में अक्टूबर में यादें एहसास 1 , 2022 में 11 मार्च को आनंद एक एहसास 2, 11 जून 2022 को रिमझिम के तराने एहसास 3 करवा चुकी हैं । जयपुर कल्चर सोसायटी 1986 से अपने कार्यक्रम करती आ रही हैं ।




## होली पर्व से पहले राज्यपाल ने राजभवन में मिठाई वितरित की

जयपुर(नि.सं.)। कलराज मिश्र ने राजभवन में एक अनौपचारिक कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिठाई वितरित की। उन्होंने होली एवं धूलण्डी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रेम और उल्लास से यह पर्व मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि होली खुशियों और स्नेह के रंगों में एक-दूसरे को रंगने का पर्व है। इस अवसर पर उन्होंने राजभवन में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना भी की।

# समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष तेजराज यादव के जन्मदिन पर हुआ रक्तदान शिविर

**जयपुर (हमारा वतन)।** समाजवादी पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष व शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता तेजराज यादव के जन्म दिवस पर पार्टी कार्यालय पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमे कुल 240 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ । महिला रक्तदाताओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । युवा नेता तेजराज यादव ने बताया कि आज के समय रक्त की बहुत जरूरत है और लोगों को समय पर रक्त नही मिल पाता है । जनसेवा के लिए मेरी तरफ से ये छोटा सा प्रयास था। इस मौके पर पार्टी कार्यालय पर विधानसभा क्षेत्र आए हुए कार्यकर्ताओ का सम्मान किया । विनोद यादव, मुकेश यादव, सुरेश शाहपुरा, मनीष स्वामी, श्वेता शर्मा , पूर्व विधायक सुरजबान धानका, आर एस यादव, माया यादव, लक्ष्मी यादव, सचिन चौधरी, शिशराम यादव, वंदना यादव, इद्रराज, विकास आदि लोग मौजूद रहे ।







# फार्म- 4
## ( नियम 8 देखिए )

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : जयपुर |
| 2. प्रकाशन अवधि | : साप्ताहिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 4. प्रकाशक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 5. सम्पादक का नाम | : राम गोपाल सैनी |
| (क्या आप भारत के नागरिक है?) | : हाँ |
| (यदि विदेशी है तो मूल देश ) | : नहीं |
| पता | : वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार(एकमात्र स्वामी) हों। | : राम गोपाल सैनी वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर |

मैं राम गोपाल सैनी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

(राम गोपाल सैनी)
दिनांक : 6 मार्च, 2023 प्रकाशक के हस्ताक्षर

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा